फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत : अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री गंगानगर

राजेन्द्रकुमार बनाम संजीव वगैरा व स्टेट

अपील इंतकाल प्रकरण सं. 14/2017

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख
24.1.17 27	अपीलांट के अधिवक्ता उपस्थित। अपील बाद रिपोर्ट पेश हुई। रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपील दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। स्थगन प्रार्थना पत्र पर अपीलांट के अधिवक्ता की एक पक्षीय बहस सुनी गई। वकील अपीलांट के तर्को से सहमत होते हुए प्रथमदृष्टया मामला अपीलांट के पक्ष में प्रतीत होता है। अतः स्थगन प्रार्थना पत्र आरजी तौर पर स्वीकार किया जाता है तथा जरिये अस्थाई निषेधाज्ञा रेस्पोंडेन्टस को आगामी तारीख पेशी तक अपीलाधीन इंतकाल सं0 485 दिनांक 19–1–17 जो अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार (भू0अ0) श्रीगंगानगर द्वारा पारित किया गया है, में वर्णित भूमि के संबंध में रेकार्ड एवं मौके की यथास्थिति बनाई रखी जावे । आदेशिका की प्रति जारी हो। रेस्पो0 को जरिये सम्मन तलब किया जावे। अपीलकृत आदेश से संबंधित रेकार्ड तलब किया जावे। पत्रावली दिनांक 22–02–17 को पेश हो।	(2) N. 2 with नकल 303 / 30.1.17 स्टेट को H.... पत्र नहीं 302 / 30.01.17 स्थगन आदेश
22.2.17	अपीलांट के Adv. उप0। स्थगन की अवधि आगामी पेशी तक बढाई जाती है। रेस्पोंडेन्ट्स के सम्मन वाद। अदम तामील अप्राप्त। रेकार्ड अप्राप्त। रेकार्ड पुनः तलब करें। पत्रावली इंतजार तामील में दि0 3.4.17 को पेश हो।	
03.04.17	पीठासीन अधिकारी ~~अवकाश प्रमण~~ पर मुख्यालय से बाहर ~~कार्य में व्यस्त~~ हैं। पक्षकारान के अधिवक्ता उपस्थित हैं। पत्रावली दिनांक 05.05.17 को पेश हो।	
05.05.17	बार संघ के प्रस्तावानुसार Adv. द्वारा न्यायालय कार्य स्थगित किया हुआ है। स्थगन की अवधि आगामी पेशी तक बढाई जाती है। पत्रावली दिनांक 08.06.17 को पेश हो।	

Scanned with OKEN Scanner

04.11.25

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलान्ट उपस्थित नही। अधिवक्ता अपीलान्ट को पृथक–पृथक समय पर रूक–रूक कर बार–बार आवाजें लगाई गईं, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए। ऐसी स्थिति में अपील अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज की जाती है। आदेश की प्रति सम्बन्धित तहसीलदार को पालनार्थ भिजवाई जावें एवं रिकार्ड लौटाया जावें । पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम की जावें व बाद तरतीब तकमील जिला अभिलेखागार में जमा कराई जावे।

आदेश सुनाया गया।

अति० जिला कलक्टर (प्रशा०)
श्रीगंगानगर

Scanned with OKEN Scanner